# राष्ट्रीय बाल भवन

**(शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)**
**कोटला रोड, नई दिल्ली– 110002**

राष्ट्रीय बाल भवन में सीधी भर्ती के अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो निम्नानुसार हैं:–

| क्र. सं. | पद का नाम और वर्गीकरण | वेतन तालिका और वेतन स्तर | योग्यता | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप निदेशक (कार्यक्रम, समन्वयन और अनुसंधान) केंद्र सरकार में ग्रुप–ए के समकक्ष | रु.67700–208700 वेतन स्तर –11 में (जीपी 6600) | **आवश्यकः–**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मानविकी, विज्ञान या शिक्षा में स्नातकोत्तर **डिग्री**।<br>(ii) बच्चों के साथ काम करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव और बाल मनोविज्ञान के क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से अनुसंधान का अनुभव या बच्चों के बीच रचनात्मकता में वृद्धि, दस्तावेजों/प्रकाशनों की सूची द्वारा समर्थित।<br>(iii) अंग्रेजी और हिंदी का अच्छा ज्ञान।<br><br>**वांछनीयः–**<br>(i)कला, विज्ञान या शिक्षा में पीएचडी की डिग्री।<br>(ii) ललित कला में से किसी एक में प्रवीणता।<br>(iii) सरकारी संस्थान/सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित संस्थान में बच्चे के व्यक्तित्व के विकास से जुड़े क्षेत्रों में लेखकत्व या शिक्षण अनुभव।<br>(iv) कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान। | 45 साल (विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को) |
| 2 | सहायक निदेशक (विज्ञान) केंद्र सरकार में ग्रुप–ए के समकक्ष | रु.56100–177500 वेतन स्तर –10 में (जीपी 5400) | **आवश्यकः–**<br>(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम.एससी. और किसी प्रतिष्ठित संस्थान में बच्चों के साथ काम करने का न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव।<br>(ii) अंग्रेजी और हिंदी का अच्छा ज्ञान।<br>(iii) वैज्ञानिक स्वभाव और विभिन्न विज्ञान गतिविधियों/कार्यक्रमों के संचालन के लिए मितव्ययी संसाधनों का उपयोग करने की क्षमता। पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता।<br><br>**वांछनीयः–**<br>(i) विज्ञान की किसी भी शाखा में पीएचडी की डिग्री।<br>(ii) प्रतिष्ठित वैज्ञानिक साहित्य प्रकाशित कार्य या पत्रिका या जर्नल का लेखकत्व। | 40 साल (विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को) |
| 3 | क्यूरेटर (म्यूजियम) केंद्र सरकार में ग्रुप–बी के समकक्ष | रु.44900–142400 वेतन स्तर –7 में (जीपी 4600) | **आवश्यकः–**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।<br>(ii) म्यूजियोलॉजी में डिग्री।<br>(iii) संग्रहालय में काम करने का 5 साल का अनुभव।<br>(iv) बच्चों के लिए नवीन प्रदर्शनियों की योजना बनाने और डिजाइन करने में सक्षम होना चाहिए।<br>(v) अंग्रेजी और हिंदी का अच्छा ज्ञान।<br><br>**वांछनीयः–**<br>कला, शिल्प, विज्ञान और खेल जैसे अभिव्यक्ति के अन्य माध्यमों में रुचि। | 40 साल (विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को) |

1. उपर्युक्त तीनों पदो पर नियुक्ति राष्ट्रीय बाल भवन के बॉय–लॉज, नियमों एवं विनियमों द्वारा शासित होगी।
2. संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।
3. आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 26.10.2026 है।
4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. आवेदन वाले लिफ़ाफ़े पर ''.................. के पद के लिए आवेदन'' लिखा होना चाहिए। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रोफार्मा नेशनल बाल भवन की वेबसाइट (www.nationalbalbhavan.nic.in) पर उपलब्ध है, जिसे भरकर आवेदन पत्र डायरेक्टर, नेशनल बाल भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002 को भेजा जाना चाहिए।
6. आवेदन शुल्क रू.1000/– (केवल एक हज़ार रुपये), जो 'डायरेक्टर, नेशनल बाल भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा देना होगा। महिलाओं, एससी, एसटी और बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) को इससे छूट दी गई है।
7. अपूर्ण आवेदनों को बिना किसी सूचना के खारिज कर दिया जाएगा।
8. न्यूनतम पात्रता आवश्यकता को पूरा करने से उम्मीदवार को साक्षात्कार/बातचीत के लिए बुलाया जाना सुनिश्चित नहीं होता है। निदेशक, एनबीबी साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
9. मामले में कोई भी मुकदमेबाजी केवल दिल्ली न्यायक्षेत्र के अधीन होगी।
10. सिफारिश को आवेदक की अयोग्यता माना जायेगा, जिससे आवेदक की पात्रता को तुरंत अस्वीकृत/रद्द किया जा सकता है।

**निदेशक, एनबीबी**